GOVT. DIGVIJAY AUTONOMOUS P.G. COLLEGE, RAJNANDGAON

# कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग

# विभागीय प्रतिवेदन. 2024.25

## वृक्षारोपण कार्यक्रम

**दिनॉक :– 03/07/2024**


दिनांक 03/07/2024 को कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के द्वारा वृक्षारोपण किया गया । उक्त कार्यक्रम कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के छात्र–छात्राओं के साथ सृजन संवाद में संपन्न कराया गया। इस कार्यक्रम में कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष श्रीमति हेमपुष्पा के साथ विद्यार्थी उपस्थित हुए।




## डिजिटल मार्केटिंग पर कार्यशाला

**दिनाँक :– 5/10/2024**

दिनाँक 5 अक्टूबर 2024 को शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनाँदगाँव के कम्प्यूटर साइंस एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के द्वारा एक दिवसीय डिजिटल मार्केटिंग वर्कशॉप किया गया। इस वर्कशॉप में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्री अंजना ठाकुर एवं मुख्य वक्ता के रूप में श्री संजीव शर्मा तथा श्री प्रतीक साव एवं विभागाध्यक्ष श्री राजू खूंटे उपस्थित रहे।




इस वर्कशॉप में महाविद्यालय के बी.एस.सी. कम्प्यूटर साइंस, बी.सी.ए. एवं एम. एस.सी. कम्प्यूटर साइंस के विद्यार्थी शामिल हुए। इस वर्कशॉप में बीटकोड प्राइवेट लिमिटेड भिलाई के वक्ता श्री संजीव शर्मा ने बताया की डिजिटल मार्केटिंग क्या हैं और कैसे डिजिटल मार्केटिंग आज के समय में बहुत ही उपयोगी हैं। साथ ही बीटकोड प्राइवेट लिमिटेड भिलाई के वक्ता श्री प्रतीक साव ने विद्यार्थियों को यह बताया कि कैसे मार्केटिंग ऑर्गेनिक तरीके से और इनॉर्गेनिक तरीके से आज के समय में किया जाता हैं साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को मार्केटिंग के लिए चैट जीपीटी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करते हुए विज्ञापन बनाना सिखाया और आज के समय कैसे अपने प्रोडक्ट का प्रमोट हम ऑनलाइन तरीके से डिजिटल मार्केटिंग के रूप में विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम से कर सकते हैं।

इस वर्कशॉप में विभाग के अतिथि व्याख्याता श्री राम अवतार साहू, श्रीमती प्रियंका दास, श्रीमती रोहणी समरित, स्ववित्तीय व्याख्याता प्रियंका साहू, भूमिका वैष्णव , मोनिका निषाद एवं श्री केवल कुमार तथा तकनीकी सहायक श्री नरेंद्र वर्मा उपस्थित रहे।

# कैरियर गाइडेंस पर व्याख्यान

**दिनाँक 18/11/2024**

दिनॉक 18/11/2024 को कम्प्युटर एप्लीकेशन विभाग में प्रभारी प्राचार्य डॉं. किरणलता दामले शास. दिग्विजय स्वाध्यायी महाविद्यालय के मार्गदर्शन एवं विभागाध्यक्ष श्रीमती हेमपुष्पा के नेतृत्व में कैरियर गाइडेंस विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री मुस्तफा अंसारी सहायक प्राध्यापक कम्प्यूटर एप्लीकेशन शास. स्वामी आत्मानन्द आदर्श महाविद्यालय सोमनी उपस्थित रहे।




## कौशल परीक्षा का आयोजन

**दिनांक 03.01.2025**

कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन विभाग के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजन ग्रामीण अंतर्गत जिला स्तर पर सहायक प्रोग्रामर एवं जनपद स्तर पर विकासखण्ड समन्वयक के संविदा में रिक्त पद हेतु कौशल परीक्षा का आयोजन दिनाँक 03/01/2025 को किया गया।




जिसमें सहायक केन्द्राध्यक्ष के रूप में श्री राजू खूंटे सहायक प्राध्यापक (विभागाध्यक्ष) कम्प्यूटर साइंस, श्रीमती हेमपुष्पा सहायक प्राध्यापक (विभागाध्यक्ष) एवं वीक्षक श्री रामावतार तथा श्रीमती प्रियंका दास अतिथि शिक्षक कम्प्यूटर एप्लीकेशन ने परीक्षा कार्य का संपादन किया।

## कौशल परीक्षा का आयोजन दिनांक 11.01.2025




महिला एवं बाल विकास विभाग के संविदा में रिक्त पद ( विधिक सह लेखा अधिकारी, लेखापाल एवं सहायक कम्प्यूटर ऑपरेटर ) हेतु कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन विभाग के द्वारा कौशल परीक्षा का आयोजन दिनाँक 11/01/2025 तथा 14/01/2025 को किया गया।

जिसमें सहायक केन्द्राध्यक्ष के रूप में श्री राजू खूंटे सहायक प्राध्यापक ( विभागाध्यक्ष) कम्प्यूटर साइंस, श्रीमती हेमपुष्पा सहायक प्राध्यापक ( विभागाध्यक्ष ) एवं वीक्षक श्री रामावमार तथा श्रीमती प्रियंका दास अतिथि शिक्षक कम्प्यूटर एप्लीकेशन परीक्षा कार्य का संपादन किया।

## " पोषक विद्यालय संपर्क अभियान : राष्ट्रिय शिक्षा निति 2020 (अग्रणी दिगविजय : NEP 2020 ) "

**दिनाँकः– 27/01/2025**




छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य प्राप्ति हेतु पोषक विद्यालय संपर्क अभियान का आयोजन किया जाना है। उक्त अभियान हेतु दिनाँक 27/01/2025 को कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन विभाग द्वारा श्री देवानंद जैन विद्यालय राजनाँदगाँव में विस्तार गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 के मुख्य उद्देश्य के बारे में 11वीं और 12वीं के छात्र – छात्राओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्हें महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम विषय उपलब्ध सुविधाओं प्रवेश प्रक्रिया शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति एवं अन्य लाभकारी योजनाएँ के साथ – साथ महाविद्यालय के पूर्व छात्र – छात्राओं के उपलब्धियों सफलताओं की भी जानकारी प्रदान की गई तथा अधिक युवाओं को उच्च शिक्षा में अध्यापन के लिए प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में कम्प्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राजू खूँटे, कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर हेमपुष्पा, अतिथि व्याख्याता श्रीमती प्रियंका दास, श्रीमती रोहणी समरीत तथा महाविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन विभाग के छात्र – छात्राएं भी शामिल थे। साथ ही साथ देवानंद जैन विद्यालय से प्रभारी प्रचार्य सुधीर जैन एवं स्टाफ तथा 11वीं, 12वीं के विद्यार्थियों ने बढ चढ़कर हिस्सा लिया।

# कौशल परीक्षा का आयोजन– महिला बाल विकास विभाग हेतु

**दिनांक 29.03.2025**




कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन विभाग के द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संविदा के रिक्त पद एजुकेटर, पी.टी. इंस्ट्रक्टर तथा स्टोर कीपर के लिए कौशल परीक्षा का आयोजन दिनाँक 29/03/2025 को किया गया। जिसमें सहायक केन्द्राध्यक्ष के रूप में श्री राजू खूंटे सहायक प्राध्यापक( विभागाध्यक्ष ) कम्प्यूटर साइंस एवं श्रीमती हेमपुष्पा सहायक प्राध्यापक ( विभागाध्यक्ष ) तथा वीक्षक श्री रामावतार अतिथि शिक्षक कम्प्यूटर एप्लीकेशन ने परीक्षा कार्य का संपादन किया।

## शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम




दिनांक 03 अप्रैल 2025 को शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन तथा कम्प्यूटर साइंस एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एमओयू संस्था बिटकोड प्राइवेट लिमिटेड , भिलाई तथा महंत घासीदास स्मृति संग्रहालय रायपुर के लिए शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एम.एससी. (कम्प्यूटर साइंस) तथा पीजीडीसीए के छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए । बिटकोड प्राइवेट लिमिटेड , भिलाई के डायरेक्टर श्री संजीव शर्मा तथा सौरभ जैन ने विद्यार्थियों को सर्वर कम्प्यूटर तथा उसकी कार्यप्रणाली से अवगत कराया , इसके पश्चात उन्होंने विद्यार्थियों को वेब डेवलपमेंट, फुल स्टैक, पायथन, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, डेटा साइंस, डीजेंगो, नेटवर्क सुरक्षा, डेटा साइंटिस्ट के लिए रोडमैप, पायथन भाषा के लिए नवीनतम प्रोग्रामिंग भाषा (विकल्प), जूलिया प्रोग्रामिंग भाषा और मोजो तथा डिजिटल मार्केटिंग के बारे में जानकारी प्रदान किये । उन्होंने विद्यार्थियों के सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट से सम्बंधित प्रश्नो का समाधान भी किया । इसके पश्चात् विद्यार्थियों ने महंत घासीदास स्मृति संग्रहालय रायपुर का भ्रमण किया । उन्होंने वहां रखे गए प्राचीन मूर्तियों , अभिलेखों , अवजारों , आभूषणो , आदिवासी समुदाय के रहन-सहन तथा पहनावा सम्बंधित विभिन्न माडलो के द्वारा जानकारी प्राप्त किये । विद्यार्थियों ने बताया की उन्हें बहुत कुछ सिखने और रोचक जानकारिया जानने को मिला । इस कार्यकर्म में विभागाध्यक्ष श्री राजू खूंटे , अतिथि व्याख्याता श्रीमती रोहिणी समरित, स्ववित्तीय व्याख्याता मोनिका निषाद उपस्थित रहे ।